तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 12 नवंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 रामचरितमानस में कही गई बातों को अपने जीवन में उतारने से ...



10 पारंपरिक परिधान में 50 से अधिक टीमों ने सुआ नृत्य ...



## खबर संक्षेप

### विधायक कुंवरसिंह ने आकाश के लिए मांगा वोट

**गुण्डरदेही।** सोमवार को चुनाव प्रचार के आखिरी दिन गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के समर्थन में ब्राह्मण पारा, सोनकर पारा, लाखे नगर एवं भोईपारा में रैली निकालकर चुनाव प्रचार एवं जनसंपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाने घर–घर जाकर समर्थन मांगा।

### पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा में लगा सोलर पैनल

**अंडा।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा, विकासखंड गुण्डरदेही, जिला बालोद में विद्युत आपूर्ति के लिए सोलर पैनल लगाया गया। डीएमसी अनुराग त्रिवेदी, जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले, बीईओ नवीन कुमार यादव, एबीईओ केआर साहू, श्रद्धा ठाकुर, बीआरसी किशोर कुमार साहू, संकुल समन्वयक शैलेन्द्र पांडे के विशेष प्रयास से पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा में उपरोक्त कार्य किए गए। इसके लिए शाला के प्रधान पाठक धनेश्वरी साहू, दशेन्द्र कुमार साहू, गीतिका देशमुख, चंदूलाल ठाकुर ने उच्च अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। सोलर प्लांट लगने से गर्मी में नौनिहालों को पंखे की हवा भी नसीब हो सकेगी। इससे उन्हें पढ़ाई लिखाई में काफी सहूलियत होगी। साथ ही स्वच्छ पेयजल भी आसानी से मुहैया कराया जा सकेगा।

### कोचवाही में डांस प्रतियोगिता आज

**गुरूर।** विकासखण्ड के अंतर्गत सत्य मेव जयते संगठन एवं ग्रामवासी कोचवाही के तत्वावधान में देवउठनी एकादशी के अवसर पर 12 नवम्बर को एक दिवसीय छत्तीसगढ़स्तरीय रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष तैय्यब अली ने बताया कि सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 10001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 5001 रुपये, तृतीय पुरस्कार 3001 रुपये प्रदान किया जाएगा। इसी तरह युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपये, दितीय पुरस्कार 3501 रुपये, तृतीय पुरस्कार 2501 रुपये दिए जाएंगे।

### सट्टा के ठिकाने पर दबिश 6 गिरफ्तार

**भिलाई।** बड़े पैमाने पर चल रहे सट्टे का अवैध कारोबार करने वाले अड्डे में पुलिस ने दबिश दी। जहां से पुलिस ने महिला युवक समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। छावनी सीएसपी हारिश पाटिल और उनकी टीम 8 नवंबर की दोपहर 18 नंबर रोड पहुंची। जहां पूर्णावती उर्फ भद्रकाली के घर में दबिश दिया। दोनों थाना प्रभारी जामुल टीआई, छावनी थाना प्रभारी चेतन चंद्राकर भी ने पुलिस की टीम के साथ दरवाजा खुलवाकर अंदर घुसे। मकान के भीतर काफी संख्या में लोग जमा थे।

**बैठक :** शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर कलेक्टर ने दिए दिशानिर्देश

# धान बेचने के लिए आने वाले किसानों को उपार्जन केंद्रों में कोई परेशानी न हो : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पूरे छत्तीसगढ़ सहित बेमेतरा जिले में भी आगामी 14 नवंबर से खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होगी, जो 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। इसे लेकर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक ली।

- बेमेतरा जिला सहित पूरे छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर 14 नवंबर से की जाएगी धान की खरीदी
- कहा- खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता के लिए केंद्रों में सभी नियम प्रदर्शित करें

बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में 14 नवंबर से समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी की गुणवत्ता निर्धारित मापदंड अनुसार धान खरीदी संबंधी ज़रूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान बेचने आए किसानों को उपार्जन केंद्र में कोई दिक्कत ना हो इस बात का ख़्याल रखा जाए। साफ़-सफ़ाई पेयजल आदि की पर्याप्त व्यवस्था हो, ताकि, वे खुशी-खुशी धान बिक्री कर सकें। सभी उपकरण जैसे नमी मापांक यन्त्र, बारदाना, काँटा बाट, भंडार लिमिट आदि सभी चीज के बारे में आपको जानकारी होनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी छत्तीसगढ़ शासन की प्राथमिकताओं में है। धान खरीदी के लिए यदि कहीं कोई कमी या अव्यवस्था हो, तो इसे तत्काल दुरूस्त करें। उन्होंने संबंधित अधिकारी से ज़िले में धान उपार्जन केंद्र की समुचित व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटर को प्रभारी प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई है, जिसकी देखरेख में धान की खरीदी होगी।



### केंद्रों में शिकायत एवं निवारण के लिए करें व्यवस्था

कलेक्टर ने कहा कि छोटे, सीमांत और बड़े कृषकों द्वारा उपजाये गए पूरे धान को निर्धारित समर्थन मूल्य में खरीदा जाए। सभी इस प्रक्रिया में विशेष तौर पर खरीदी के दौरान केंद्रों में बारदाने की व्यवस्था से लेकर छाया, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। पारदर्शिता बनाए रखने हेतु केंद्रों में सभी आवश्यक जानकारियां एवं नियम प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें। केंद्रों में शिकायत एवं निवारण के लिए यथा व्यवस्था करें। उन्होंने नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि डाटा एंट्री ऑपरेटर के साथ सकारात्मक सहयोग करें और सुचारू रूप से धान खरीदी की व्यवस्था में अपना योगदान दें। कलेक्टर शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी दशा में धान खरीदी में कोई बाधा उत्पन्न ना हो, इसके लिए सतर्क रहे। अवैध धान परिवहन पर सख़्त कार्रवाई करें। धान खरीदी के कार्य में गड़बड़ी किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खरीदी केंद्रों पर रखें पैनी नजर

कलेक्टर शर्मा ने बैठक में सभी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से कहा कि वह अपने-अपने अनुभाग के अंतर्गत एक व्हाट्सएप ग्रूप बनाकर धान खरीदी केंद्र में पैनी नजर रखें और सतत मॉनिटरिंग करें। प्रत्येक सप्ताह शनिवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा धान खरीदी की व्यवस्था, खरीदे गए धान की मॉनिटरिंग करेंगे। उपार्जन केंद्रों में साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित रहे और गंदगी किसी भी दशा में ना रहे। उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों में अलग से फड़ बनाने की आवश्यकता हो वहां शीघ्र ही फड़ का निर्माण कर लिया जाए।

**जिन किसानों को उपार्जन केंद्र बुलाएं, उनसे उसी दिन कर लें खरीदी:** कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि धान खरीदी बहुत महत्वपूर्ण कार्य है। शुरुआत में धान की आवक में कमी हो सकती है, किंतु आने वाले समय में धान की आवक बढ़ेगी, इसे ध्यान में रखते हुए आपकी जिम्मेदारी और महत्व और बढ़ जाएगी। इसे ध्यान में रखते हुए पूरी तैयारी के साथ धान खरीदी के कार्य में अपना योगदान दें। कलेक्टर ने कहा कि जिन किसानों को धान खरीदी के लिए उपार्जन केंद्र में बुलाया जाए, उससे धान की खरीदी उसी दिन हो जाए, किसी भी दशा में कोई भी किसान बिना धान बेचे, वापस ना हो इसका विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, एडीएम प्रकाश भारद्वाज, जिले के सभी एसडीएम जिला खाद्य अधिकारी सहित संबंधित एवं अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## राज्यस्तरीय कराते चैंपियनशिप में बेमेतरा के बच्चों ने दिखाए जौहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्यस्तरीय ओपन कराते चैम्पियनशिप का आयोजन धमतरी आमातालाब इंडोर स्टेडियम में किया गया। यह चैम्पियनशिप वर्किंग प्रेसिडेंट शिको काई कराटे बी ब्रह्मय्या नायडू, महा लसचिव रेन्शी अमल तालुकदार, रेन्शी मुरली सिंह भारद्वाज, सेंसई अशोक सिन्हा, सेंसई जयंत नायडू, संदीप ताम्रकार, सेंसई देवराज धनकर, और हेमंत चक्रधारी की उपस्थिति में हुई।

- जिले के 11 खिलाड़ियों ने गोल्ड, सिल्वर व ब्रांज मेडल जीते

इस चैम्पियनशिप में रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, कबीरधाम , धमतरी और अन्य जिले से लगभग 400 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने काता औऱ कुमिते में जौहर दिखाया। बेमेतरा से 11 बच्चों ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न मेडल अपने नाम किए। दीपांकर मिर्झा, दिव्या डेहरे, अंशु कोशले कस्तूरबा आवासीय विद्यालय ने गोल्ड मेडल तथा साहिल बरगट्टे, नीरज दास मानिकपुरी, नंदनी घृतलहरे, नव्या मार्कण्डेय ने सिल्वर मेडल एवं नेहा वर्मा, अनुष्का शर्मा, प्रिया यदु, होमेश साहू ने शानदार प्रदर्शन कर ब्रॉन्ज मेडल जीतकर जिले को गौरवान्वित किया। सभी मेडलिस्ट बच्चों को जिला कराटे संघ बेमेतरा के सचिव अजय वर्मा, उपेन्द्र सेंगर, मृत्युंजय शर्मा, विकास वेद साहू, शशांक ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर 27 के खिलाफ की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 27 वाहन चालक पर कार्रवाई की। इनमें से 19 प्रकरण में 5,700 रूपये समन शुल्क की वसूली एवं 08 प्रकरण में न्यायालय पेश किया गया। रविवार को थाना नवागढ 09 चालान में 09 व्यक्ति, थाना दाढी 03 चालान में 03 व्यक्ति, चौकी मारो 11 चालान में 11 व्यक्ति, यातायात बेमेतरा 04 चालान में 04 व्यक्ति के विरूद्ध चालानी कार्रवाई की गई। बेमेतरा पुलिस आम नागरिकों से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें। पीकअप, मालवाहक वाहन में सवारी न बैठाएं, संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगाएं। शराब सेवन कर वाहन न चलाये, मोटर सायकल में मोडिफाइड साइलेंसर न लगवाएं, अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न दें, बिना नंबर के वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करें। बेमेतरा पुलिस आपकी सहायता के लिये है, वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस का सहयोग करें। नियमों का पालन नहीं करने वालों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है।

- पुलिस ने कहा- यातायात के नियमों का करें पालन



रविवार को माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए चौकी खण्डसरा के 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति के खिलाफ धारा 126, 135 (3) बीएनएसएस के प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। थाना बेमेतरा क्षेत्र में शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने का 01 प्रकरण में 01 आरोपी के विरूद्ध धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई हैं।

## शासकीय प्राथमिक शाला पथरीखुर्द के बच्चों को दिया गया नेवता भोज



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला पथरीखुर्द में नव पदोन्नत शिक्षक विनय कुमार वर्मा शिक्षक, पूर्व माध्यमिक शाला परपोड़ी के जन्मदिवस पर बच्चों के लिए विशेष नेवता भोज का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में बच्चों को स्वादिष्ट खीर, पूड़ी, केला, चावल, दाल, सब्जी और पापड़ परोसे गए, जिससे बच्चे अत्यंत प्रसन्न हुए। समारोह की मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा शिक्षक विनय कुमार वर्मा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में केक काटना रहा। यह अद्वितीय अवसर बच्चों और समस्त स्कूल परिवार के लिए यादगार बना। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच लाला राम वर्मा, पंचायत के सदस्य, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, संकुल प्राचार्य बेदराम वर्मा, सीएसी श्रीराम साहू और क्षेत्र के सभी प्रधान पाठक गण एवं मध्याह्न भोजन संचालक पन्ना वर्मा ने अपनी ▶▶| शेष पेज 11 पर

## बच्चों को मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों की दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के पैरालीगल वालेंटियर्स के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बावामोहतरा एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुड़मुड़ी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्यों की जानकारी दी गई। इसके तहत टोनही प्रताड़ना अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की जानकारी दी गई। इसी दिन शासकीय हाई स्कूल साहसपुर में भी स्कूली बच्चों के साथ विधिक जागरूकता रैली निकालकर आमजन तक न्याय सबके लिए न्याय पाने का सभी का अधिकार को बताते हुए, कानूनी संबंधी स्लोगन के साथ जागरूकता का संदेश दिया गया। इसके साथ विभिन्न कानूनी विषयों पर शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह प्रतिषेध ▶▶| शेष पेज 11 पर


- राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर किया गया विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**गन्ने के मंडप से सजेगा तुलसी चौरा**

# देवउठनी एकादशी आज, घर-घर रचाएंगे शालिग्राम और देवी तुलसी का विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रबोधिनी एकादशी देवउठनी का पर्व अर्थात तुलसी विवाह आज जिलेभर में पारंपरिक रूप से धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। छोटी दिवाली के रूप में मनाए जाने वाले इस पर्व में घर-घर गन्ने का मंडप सजेगा और तुलसी विवाह किया जाएगा। इसे लेकर जिले के शहरी क्षेत्रों के साथ ही गांव-गांव में विशेष तैयारी की गई है। दीपावली के 13 दिनों पश्चात छोटी दीवाली के नाम से जाना जाता है। इस दिन लोग अपनी तुलसी चौरा के सामने गन्ने का मंडप सजाकर भगवान शालिग्राम और देवी तुलसी का विवाह रचाएंगे। मान्यता है कि भगवान विष्णु 4 महीने शयन के बाद इसी दिन जागृत होते हैं और इसी दिन शुभ कार्य जैसे शादी ब्याह, नए घरों की पूजा पाठ सहित अन्य शुभ कार्यों की शुरुआत हो जाती है। इस पर्व को लोग बड़ी ही धूमधाम वह हर्षोल्लास से मनाते हैं। लोग इस पर्व पर कांदा, सिंघाड़ा, तिखूर, राजगिर लड्डू व मीठा प्रसाद के रूप में वितरण किया जाता है। इसके अलावा यादव जाति के लोग देर रात तक गौ माता को सोहई बांधने का कार्य भी करते हैं ।





### बाजारों में रही रौनक, छोटी दीपावली के लिए की गई खरीदारी

छोटी दीपावली मनाने लोग सोमवार बाजार में जमकर आवश्यकता वाली चीजों की खरीदारी करनी जुटे रहे। जिला मुख्यालय स्थित बाजार सहित विभिन्न स्थलों में गन्ने से लेकर विभिन्न सामानों की दुकानें सजी रहीं और लोग तुलसी विवाह की पूजा से संबंधित सामग्रियों की खरीदी करते हुए नजर आए। सुबह से ही छोटी दीपावली मनाने को लेकर बाजारों में रौनक रही अपेक्षा के अनुरूप व्यापारियों का व्यवसाय भी जमकर हुआ।

### योग निद्रा से आज जागेंगे भगवान विष्णु

**थान खम्हरिया।** राधा कृष्ण जमात मंदिर के महंत बसंत दास वैष्णव ने कहा कि प्रबोधिनी एकादशी, देवउठनी के बाद देव जागृत होते हैं। इस दिन से भारतीय हिंदू संस्कृति के शुभकार्य प्रारंभ हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि देवउठनी एकादशी का व्रत करने से जन्म, जन्मांतर के पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

- देवउठनी एकादशी से शुरू हो जाते हैं मांगलिक कार्य : महंत बसंत दास वैष्णव

एकादशी के दिन भगवान विष्णु और तुलसी का विवाह करने से वैवाहिक जीवन में प्रेम और सामंजस्य बना रहता है। आगे आपने बताया कि, धार्मिक मान्यता के अनुसार कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी से भगवान विष्णु 4 महीने के योग निद्रा से जागते हैं। इसलिए इस दिन देवउठनी एकादशी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन से शुभ और मांगलिक कार्य शुरू होते हैं। इस शुभ तिथि पर साधक व्रत करते हैं और विधिपूर्वक भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना करते हैं। उन्होंने कहा कि देवउठनी एकादशी के दिन तामसिक भोजन का सेवन नहीं करना चाहिए। इस दिन चावल का सेवन नहीं करना चाहिए। साथ ही एकादशी के दिन तुलसी का पत्ता नहीं तोड़ना चाहिए। पूजा के लिए एक दिन पहले तोड़ कर रख लेना चाहिए। एकादशी के व्रत करने से घर में सुख-शांति सुख समृद्धि के बढ़ोतरी होती है।

**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### नकल निकलवाने महिला परेशान

**गुण्डरदेही।** ग्राम कसौंदा निवासी रेखा बाई मानिकपुरी पति जुगलदास का प्रधानमंत्री आवास में मकान स्वीकृत हुआ है। आवास निर्माण कार्य के लिए पांच डिसमिल जमीन खरीदने पटवारी से नकल मांग रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि तहसील कार्यालय में नकल के लिए 15 दिन से घुमाया जा रहा है। रेखाबाई ने बताया कि नकल के लिए पटवारी के पास गए तो उन्होंने नायब तहसीलदार के पास जाने को कहा। नायब तहसीलदार ने एसडीएम के पास जाने को कहा। इस तरह से सरकारी दफ्तर के चक्कर काटते मैं परेशान हो गई थी। उसके बाद पूर्व जिला महामंत्री प्रमोद जैन को समस्या बताई। इस पर उन्होंने नायब तहसीलदार चंद्राकर से चर्चा की। मामले को संज्ञान में लेते हुए अपर कलेक्टर व एसडीएम ने नायब तहसीलदार चंद्राकर को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि इस तरह से कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। साथ ही जैन ने कलेक्टर से बात कर गुण्डरदेही तहसील कार्यालय में चल रही मनमानी व किसानों की समस्या से अवगत कराया।

### गड़रिया समाज ने सीएम साय से की मुलाकात

**रायपुर।** गड़रिया समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। छत्तीसगढ़ सर्व गड़रिया समाज महासंघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को राजधानी में आयोजित प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन की जानकारी दी। साथ ही उन्हें मुख्य अतिथि बतौर शामिल होने का निमंत्रण दिया। कार्यक्रम 1 दिसंबर को महादेवघाट के देशहा गड़रिया सामाजिक भवन में होगा। मुलाकात के दौरान प्रदेशाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण महतो, गोविंद धनगर मौजूद रहे।

### दीपावली मिलन में व्यापारी कल्याण बोर्ड गठन की मांग

**रायपुर।** अवंति विहार व्यापारी संघ द्वारा रविवार को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी व्यापारियों ने एक-दूसरे को दीपावली की बधाई देकर मंगलमय जीवन की कामना की। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी ने बताया कि सभी व्यापारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन की मांग की है, ताकि व्यापारियों के हितों की रक्षा हो सके। उन्होंने बताया कि देश के अनेक राज्यों में राज्य सरकार द्वारा व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है, साथ ही केंद्र सरकार द्वारा भी व्यापारी कल्याण बोर्ड बनाया गया है, लेकिन छत्तीसगढ़ में अभी तक व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन नहीं हो पाया है। कार्यक्रम में अशोक गुप्ता, किशोरचंद्र नायक, राम सचदेव, इंदरपाल सिंह तोमर, हरीश लोकवाणी, राजेश दुलानी सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

### 13 नवंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग

**रायपुर।** जिला अधिवक्ता संघ रायपुर के अध्यक्ष अधिवक्ता हितेंद्र तिवारी और अधिवक्ता उपाध्यक्ष किशोर ताम्रकार ने दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की निर्धारित मतदान तिथि 13 नवंबर को रायपुर जिले के समस्त शासकीय विभागों में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के लिए कलेक्टर और निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखा है। दोनों अधिवक्ताओं ने कहा कि जिला न्यायालय दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से बाहर है, परंतु दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अधिवक्ता बड़ी संख्या में जिला न्यायालय में कार्य करते हैं। उपचुनाव की उक्त मतदान तिथि पर यदि जिला न्यायालय और शासकीय विभागों में सार्वजनिक अवकाश घोषित नहीं किया जाता है तो निश्चित रूप से मतदान का प्रतिशत कम होने की पूरी संभावना है।

## निधन

### अशोक कुमार सिन्हा



**गुरूर।** ग्राम धानापुरी निवासी अशोक कुमार सिन्हा का सोमवार को निधन हो गया। उनका संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे बसंत राम सिन्हा, धनमत बाई के पुत्र, दामिनी सिन्हा के पति व वेदप्रकाश सिन्हा दिनेश्वरी के बड़े भाई थे।

---

आदर्श मित्र मंडल द्वारा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से पीपरछेड़ी में किया गया भव्य आयोजन

# पारंपरिक परिधान में 50 से अधिक टीमों ने सुआ नृत्य की शानदार प्रस्तुति से मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा





दीपावली के अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के मार्गदर्शन में आदर्श मित्र मंडल द्वारा समस्त ग्रामवासी के सहयोग से एक दिवसीय सुआ महोत्सव का आयोजन रविवार को ग्राम पीपरछेड़ी में किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री बघेल ने कहा कि पहले छत्तीसगढ़ की पहचान नक्सली गतिविधियों से होती थी, लेकिन पूर्व में हमारी सरकार ने राज्य की गौरवशाली परंपरा और पुरखों के सपनों को पूरा करने का काम शुरू किया था, जिससे एक नई पहचान बनी। लेकिन आज राज्य में हर वर्ग के लोग भाजपा सरकार से परेशान हैं। श्री बघेल ने कहा कि वर्तमान में भाजपा सरकार ने पूर्व की सारी योजनाओं को बंद कर दिया।

■ कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश व पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज शामिल हुए

उन्होंने कहा कि सिर्फ महतारी वंदन योजना चल रही है। उसमें भी नव विवाहिता हैं, उनके लिए पोर्टल नहीं खोला गया है। जो छूट गए हैं उन्हें नहीं जोड़ा जा रहा है। वृद्धा पेंशन में कटौती कर दी है। गौधन न्याय योजना बंद, राजीव युवा मितान क्लब योजना बंद, राजीव गांधी किसान न्याय योजना बंद, भूमिहीन श्रमिक न्याय योजना बंद, बिजली बिल हाफ योजना बंद, बेरोजगारी योजना बंद सारी योजना बंद कर दी गई है। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड, केश शिल्प बोर्ड के अध्यक्ष नंद कुमार सेन, श्रम कल्याण मंडल के उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, जिला पंचायत कृषि सभापति योगिता चंद्राकर, वन समिति सभापति लक्ष्मी साहू, पार्षद सीमा साहू, सहकारिता कांग्रेस अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव, सरपँच संघ अध्यक्ष मुकुंद पारकर, जनपद सदस्य भुनेश्वरी ठाकुर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सभी मंडलियों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम के लिए 50 से अधिक पंजीयन हुए और हर उम्र की महिला समूह और ऊर्जावान बेटियों की टीम ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करते हुए आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। सभी प्रतिभागी मंडलियों को आयोजन समिति द्वारा 1000 नगद, प्रतीक चिन्ह, प्रमाण पत्र एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

### कला और संस्कृति के संरक्षण की पहल : ताम्रध्वज

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि दीपावली उत्सव पर छत्तीसगढ़ में पारंपरिक रूप से सुआ नृत्य किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र सहित अन्य जिलों के प्रतिभागी शामिल हुए हैं। ऐसे कार्यक्रम हमारी कला और संस्कृति के संरक्षण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और युवा पीढ़ी को संगठित करने का कार्य करेंगे। प्रतियोगिता के संरक्षक केशव बंटी हरमुख ने कहा कि छत्तीसगढ़ लोक संस्कृति को हम सबको मिलकर जीवंत रखना है इसीलिए हमने ऐसे आयोजन लगातार प्रतिवर्ष करने का संकल्प लिया है। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

### ये रहे विजेता

प्रतियोगिता में गायन पक्ष में प्रथम पुरस्कार सुआ सखी सुआ नृत्य नेवई बस्ती दुर्ग, द्वितीय पुरस्कार गौरी गौरा सुआ दल सिलघट जिला बेमेतरा,तृतीय पुरस्कार जय बुढ़ा देव सुआ दल नंदखट्टी, चतुर्थ पुरुस्कार पिंजरा के सुआ दल कुशमुंडा जिला बलौदाबाजार एवं पंचम पुरस्कार जय बुढ़ा देव सुआ दल जंजगिरी दुर्ग की टीम विजेता रही। रिकार्डिंग सुआडांस में प्रथम पुरस्कार मोर सुआ डांस ग्रुप मरोदा, द्वितीय स्थान नगर पंचायत उतई, तृतीय पुरस्कार मोर पड़की परेवना सुआ डांस ग्रुप कोटनी, चतुर्थ पुरुस्कार जय बजरंग सुआ दल रसमड़ा एवं पंचम पुरुस्कार जय माँ सुआ दल ग्राम मतवारी की टीम विजेता रही।

---



# आंबा कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं व मितानिनों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत बटरेल में सोमवार को सम्मान समारोह आयोजित कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं और मितानिनों का सम्मान साड़ी एवं श्रीफल भेंट कर किया गया।

■ ग्राम पंचायत बटरेल में सोमवार को हुआ सम्मान समारोह

मुख्य अतिथि जनपद सदस्य झरना कमलेश साहू थे। अध्यक्षता सरपंच अभय ठाकुर ने की। विशेष अतिथि पंच महेंद्र साहू, टेमन सपहा खेमलाल साहू, गिरधारी निर्मल पद्मनी कौशिक मंचासिन थे, इस अवसर पर पंचगण व ग्रामीण उपस्थित रहे। संचालन पंच महेंद्र साहू ने तथा आभार। सचिव नरेश राजपूत ने किया। मुख्यातिथि जनपद सदस्य झरना साहू ने कहा कि अच्छे कार्यों का सदैव सम्मान होना चाहिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं और मितानिनों की सराहनीय सेवा के कारण समाज में महिलाओं और बच्चों को सुरक्षात्मक सुव्यवस्था मिलने लगी है जो कंठ मुक्त सराहनीय है। सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाली इन बहनों का सम्मान गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि सम्मान से प्रोत्साहन मिलती है बहने अधिक ऊर्जा के साथ समाज सेवा में महती भूमिका निभाएंगी। सम्मान उत्कृष्ट सेवा का प्रमाण है। सरपंच अभय ठाकुर ने कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास और सम्मान कर प्रोत्साहन देने पर काम करती है। निश्चित तौर पर आंगनबाड़ी और मितानिन की सेवा समाज की अभिन्न आवश्यकता बन चुकी है। इन लोगों की सेवा सतत मिलने से स्वास्थ की अनुकूलता देखने को मिल रही है। ये समाज और सरकार के बीच की कढ़ी बनकर उत्कृष्ट सेवाएं दे रही है। शासन के निर्देश पर किया जा रहा यह सम्मान इसका प्रमाण है।

### इनका हुआ सम्मान

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कौशल्या शर्मा राजेश्वरी साहू, शैलबाला कौशिक, घिशम कौशिक, सुमित्र ठाकुर, सहायिका होमिन यादव, छबिता साहू, पूर्णिमा साहू, दीपिका साहू, मितानिन कुलेश्वरी साहू, पद्मनी धीवर, अमरीका साहू, रेणुका साहू को साड़ी श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

---

# पुलिस में भर्ती होने के लिए मेहनत करें, किसी को पैसे न दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल आरक्षक भर्ती 2024 में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए पुलिस महानिरीक्षक, दुर्ग रेंज द्वारा रेंज के पुलिस अधीक्षकों को पुलिस भर्ती के संबंध में पारदर्शिता रखने निर्देश जारी किया गया है। पुलिस आरक्षक भर्ती में पैसों का लेन देन करने वाले व्यक्तियों पर की कार्रवाई की जाएगी। बालोद पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभी अभ्यर्थियों से की अपील गई है कि पुलिस में भर्ती होने के लिए मेहनत करें, किसी भी प्रलोभन एवं फ्रॉड व्यक्ति के झांसे में न आएं।

■ पुलिस महानिरीक्षक ने कहा- पुलिस आरक्षक भर्ती में पैसों का लेन-देन करने वालों पर की जाएगी कार्रवाई

पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग के निर्देशन में दुर्ग रेंज के समस्त पुलिस अधीक्षकों को जिला पुलिस बल आरक्षक भर्ती प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए हैं। जिस पर पुलिस अधीक्षक बालोद एसआर. भगत के मार्गदर्शन में बालोद पुलिस द्वारा जिले के अभ्यर्थियों को भर्ती के संबंध में सोशल मीडिया पर पोस्टर के माध्यम से सूचना प्रसार कर भर्ती के लिए प्रलोभन से बचने पैसों की लेन–देन न करने, फ्रॉड व्यक्तियों के झांसे में न आने एवं कार्यवाही के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। 16 नवंबर से पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है, जिसके लिये प्रवेश–पत्र जारी करने की प्रक्रिया जारी है। पूर्व में असामाजिक तत्वों द्वारा आमजन, भर्ती के प्रतिभागियों को दिग्भ्रमित कर पुलिस भर्ती या अन्य भर्तियों में नियुक्ति दिलाये जाने के नाम से पैसों के लेने की शिकायतें प्राप्त होती रही हैं। ऐसे असामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई किया जाना आवश्यक है।

चूंकि पुलिस आरक्षक भर्ती में निष्पक्षता एवं पूर्ण पारदर्शिता का पालन किया जाता है। यदि जिले में किसी असामाजिक तत्व या किसी पुलिसकर्मी के विरूद्ध इस तरह की कोई शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा तथा जिले में नागरिकों को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। आमजन को यह स्पष्ट किया जाएगा कि भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यार्थियों की नियुक्ति नियमों के अधीन उनकी योग्यता एवं दक्षता के अनुरूप ही होगी। किसी भी प्रकार का प्रलोभन देने वाले दलालों या असामाजिक तत्वों के बहकावे में न आये। यदि किसी व्यक्ति द्वारा भर्ती कराने के नाम पर पैसे की मांग की जाती है तो यह एक एक गंभीर अपराध है एवं इसकी सूचना तत्काल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को सीधे दी जा सकती है। यह भी अवगत कराया जाये कि भर्ती कराने के नाम पर भ्रष्टाचार कर पैसे लेने वाला व्यक्ति जितना दोषी है, इस कृत्य में पैसे देने वाला व्यक्ति भी दोषी होता है एवं उन पर अपराधिक कार्यवाही का प्रावधान है। अतः भतऍ के नाम पर किसी भी प्रकार के झांसे में न आये।

### कोई नौकरी लगाने के नाम पर पैसे मांगता है, तो सीधे करें शिकायत : एसपी

पुलिस अधीक्षक बालोद एसआर. भगत ने पुलिस भर्ती में सम्मिलित होने वाले समस्त अभ्यर्थियों से अपील है कि किसी भी प्रकार के प्रलोभन एवं फ्रॉड व्यक्ति के झांसे में न आएं अपने निष्ठा एवं लगन के साथ मेहनत कर वैधानिक तरीके से मुकाम हासिल करें। किसी भी व्यक्ति के द्वारा अगर पुलिस आरक्षक भर्ती को लेकर लालच, झांसा देता है तो पुलिस के आलाधिकारियों से शिकायत की जा सकती है।

---

# स्काउट-गाइड से बच्चों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल बालोद में भारत स्काउट्स गाइड्स का 75 वां स्थापना दिवस मनाया गया।

■ स्वामी आत्मानंद विद्यालय बालोद में मनाया भारत स्काउट्स गाइड्स का स्थापना दिवस

जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, जिला शिक्षा अधिकारी बालोद पीसी मरकले, संस्था के प्राचार्य अरूण कुमार साहू के मार्गदर्शन में जिला सचिव केएल गजेंद्र, डीओसी प्रेमलता चंद्राकार, रूपेन्द्र सिन्हा ब्लाक सचिव बालोद के निर्देशन, संस्था के स्काउट गाइड प्रभारी व हिमालय वुड बैज रोवर स्काउट लीडर नेमसिंह साहू के नेतृत्व में विद्यालय स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्राचार्य अरूण कुमार साहू ने कहा कि भारत स्काउट्स गाइड्स के स्थापना का उद्देश्य युवाओं के शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक विकास को प्रोत्साहित करना है ताकि वे जिम्मेदार नागरिक और अपने स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समुदायों के सदस्यों के रूप में समाज में रचनात्मक स्थान ले सकें। स्काउट्स गाइड्स का कार्यक्रम एक पाठ्यसहगामी क्रियाकलाप है, जिससे बच्चों की पढ़ाई के साथ साथ सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास होता है। रूपेन्द्र सिन्हा ने कहा कि भारत स्काउट गाइड की स्थापना 7 नवंबर 1950 को की गई। तब से हर वर्ष 7 नवंबर को स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। विश्व स्तर पर स्काउटिंग की स्थापना का श्रेय लार्ड बेडेन पावेल को जाता है। भारत में स्काउट गाइड की स्थापना का श्रेय पंडित मदन मोहन मालवीय, डा हृदयनाथ कुंजरु, एनी बेसेंट, श्रीराम बाजपेई महापुरुषों को जाता है।

रोवर स्काउट लीडर एवं व्याख्याता नेमसिंह साहू ने बताया कि भारत में स्काउटिंग का आगमन 1909 में हो गया था, उसके बाद भारत में स्काउट के विभिन्न संगठन खुले ब्वॉय स्काउट एसोसिएशन, गर्ल गाईडिंग, हिदुस्तान स्काउट गाइड, भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति पश्चात सभी संगठनों का एकीकरण कर 07 नवम्बर 1950 को भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स संगठन की स्थापना हुई। इस कार्यक्रम के पश्चात फ्लैग स्टीकर का वितरण कर स्काउट गाइड के आपदा राहत कोष हेतु सहयोग राशि संस्था के शिक्षकों से और जिला मुख्यालय बालोद के विभिन्न कार्यालय, और दुकानों में लोगों को फ्लैग स्टीकर का वितरण किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के स्काउट गाइड रोवर रेंजर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस आयोजन पर डीटीसी सीमा साहू, गायत्री साहू मिलन सिन्हा, वाईपी गांगुली, रामकुमार सिन्हा, डीडी साहू और स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल बालोद के स्टॉफ ने हर्ष व्यक्त किया।

---

# मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने किया वार्डों का निरीक्षण





**डौंडीलोहारा।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक चौबे ने वार्ड क्रमांक 01, 02, 03, 04 का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड क्र. 01 के वार्डवासियों को डोर टू डोर कचरा कलेक्शन गाड़ियों में कचरा देने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही कर्मचारी द्वारा नालियों में फिनाईल छिड़काव किया गया एवं साफ सफाई करने के लिए संबंधित सफाई प्रभारी महेन्द्र कुमार बघेल को निर्देशित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रगतिरत आवास का निरीक्षण करते हुए जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। वार्ड नं. 15 रामनगर कालोनी का निरीक्षण किया तथा वार्ड 11 में स्थित बस स्टेण्ड शौचालय का निरीक्षण कर साफ सफाई रखने के लिए केयरटेकर को निर्देशित किया गया। उक्त निरीक्षण के दौरान विद्युत विभाग प्रभारी गोविन्द उइके, जल विभाग प्रभारी ईश्वर कुमार आर्य, स्वच्छता प्रभारी महेन्द्र कुमार बघेल एवं पीआईयू महेन्द्र कुमार साहू उपस्थित थे।

# जनजातीय गौरव दिवस व कंवर सम्मेलन 14 को



**बालोद / सिकोसा।** जनजातीय गौरव दिवस एवं कंवर सम्मेलन 14 नवंबर को स्कूल मैदान भाटागांव बी में दोपहर 2 बजे रखा गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम रिखी क्षत्रीय का रखा गया है। जगह का निरीक्षण करने जिला पंचायत सीओ बलोद, एसपी बालोद, एसडीएम सुरेश कुमार सहू, गुण्डरदेही लोक निर्माण ईई एम प्रसाद, गुण्डरदेही प्रभारी लक्ष्मी जयसवाल, उद्यानिकी अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम मे मूख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे, अध्यक्षता अध्यक्ष कवर समाज हरबंस सिंह मिरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद कांकेर लोकसभा भोजराज नाग, विधायक गुण्डरदेही कुंवर निषाद, जिला अध्यक्ष बलोद पवन साहू, पूर्व विधायक गुण्डरदेही वीरेंद्र साहू, सोनादेवी देशलहरे, सरपंच भाटा गांव संध्या दोषण साहू, सचिव सुरेश साहू, रिकेश साहू, सरपंच प्रीतम ठाकुर उपस्थित रहेंगे।

---

मरार पटेल समाज द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में वक्ताओं ने कहा

# युवाओं के जोश, बुजुर्गों के अनुभव और महिलाओं के साथ से आगे बढ़ेगा समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा








रविवार को बालोद जिला के जुंगेरा स्थित पटेल सामुदायिक भवन में कर्मचारी प्रकोष्ठ मरार पटेल समाज जिला बालोद द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के युवाओं को शिक्षा, करियर मार्गदर्शन और संस्कार निर्माण में प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हएु मुख्य अतिथि सुनील पटेल, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मरार पटेल समाज, ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और संस्कार निर्माण को समाज की प्रमुख कार्य योजना में शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि युवाओं का जोश, बुजुर्गों का अनुभव, और महिला सशक्तिकरण को साथ लेकर, मिशन मोड में कार्य किया जाए, तो समाज को सफलता अवश्य मिलेगी। समारोह की अध्यक्षता करते हुए यज्ञदेव पटेल ने शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया और समाज के लिए हॉस्टल निर्माण कार्य योजना पर चर्चा की। कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डेहर लाल पटेल ने प्रकोष्ठ की कार्य-योजना प्रस्तुत की। उन्होंने समाज के उत्थान के लिए बच्चों को शैक्षणिक एप, कंप्यूटर ज्ञान, और मार्गदर्शन की अनिवार्यता पर जोर दिया। संयोजक श्री लिलार पटेल ने शिक्षा के क्षेत्र में प्रकोष्ठ की रचनात्मक कार्य-योजना पर चर्चा की।

### युवाओं को सफलता का मंत्र

चयनित एसआई प्रतिभा पटेल ने सफलता के अपने मंत्र साझा किए। उन्होंने धैर्य, मेहनत, और सकारात्मक सोच को सफलता का प्रमुख कारक बताया। सोमप्रकाश पटेल, डायरेक्टर सक्सेस डिजायर, ने युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में प्रोत्साहित किया। नीलकंठ पटेल, व्याख्याता, ने करियर मार्गदर्शन और कोचिंग संचालन के क्षेत्र में अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यकारी अध्यक्ष कोमल पटेल ने युवाओं को ईमानदारी से काम करने, पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने, और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिज्ञासा, धैर्य, और लक्ष्य के तीन मंत्र ही सफलता की कुंजी हैं। कार्यक्रम के संयोजक लिलार पटेल ने समाज में प्रतिभा निर्माण के लिए कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा विशेष कार्य-योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिक्षा में निवेश सबसे महत्वपूर्ण है। दीपक पटेल ने बच्चों में खोजी प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने पर बल दिया।

### प्रतिभा सम्मान और समाज रत्न सम्मान

समारोह में 50 प्रतिभावान छात्रों को प्रतिभा सम्मान और 11 सेवानिवृत्त कर्मचारियों ब्रह्मदेव पटेल यज्ञदेव पटेल बिंदु राम पटेल वेद लाल पटेल पुनीत पटेल दयाराम सूर्यवंशी द्वारिका प्रसाद पटेल कृपाराम पटेल गेंद लाल पटेल देव सिंह माली चैतराम सर्वा विष्णु मराठे को समाज रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ब्रह्मदेव पटेल ने कहा कि यह सम्मान समारोह समाज की प्रतिभाओं को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज अध्यक्ष गण ईश्वर पटेल सियाराम पटेल कोमल पटेल संतु राम पटेल भगवती पटेल ने भी अपना विचार व्यक्त किये। केशव पटेल ने कठिनाइयों का सामना कर समाधान खोजने की प्रेरणा दी। मंच का संचालन हरिश्चंद्र पटेल सुषमा पटेल, विजय पटेल लालेश्वर पटेल ने किया और भागवत पटेल ने किया। ओमप्रकाश पटेल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप



### निर्मलकर ने किया मड़ई-मेला का शुभारंभ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने दूधाधारी मठपारा, भाठागांव, मठपुरैना, कुशालपुर बोरियाखुर्द सहित अनेक स्थानों पर पहुंचकर मड़ई-मेला का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री निर्मलकर ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मड़ई-मेला हमारे छत्तीसगढ़ के संस्कृति है, जिसे सभी जाति-समाज के लोग मिलकर मनाते हैं। विशेषकर यादव और आदिवासी समाज की भूमिका आयोजक के रूप में होती है। कार्यक्रम में पार्षद मनोज वर्मा, चंद्रपाल धनगर, सतनाम सिंह, निशा-देवेंद्र यादव, गोपाल वर्मा, चोवाराम देवांगन, वरुण निर्मलकर, नीलू निर्मलकर, हेमंत निर्मलकर आदि शामिल रहे।

### प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ के निर्विरोध प्रांताध्यक्ष बने प्रफुल्ल



**रायपुर।** गुरु घासी दास सांस्कृतिक भवन में रविवार को प्रांताध्यक्ष के चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ की महासमिति की बैठक हुई। जिसमें संघ संविधान के नियमानुसार प्रांताध्यक्ष का कार्यकाल तीन वर्ष पूर्ण होने पर प्रांताध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन किया गया। निर्वाचन की प्रक्रिया में मुकेश टंडन द्वारा प्रांताध्यक्ष पद के लिए प्रफुल्ल कुमार का नाम प्रस्तावित किया गया, जिसमें और कोई अन्य नाम प्रस्तावित नहीं होने के कारण सर्व सहमति से प्रदेश के समस्त 33 जिलाध्यक्षों के सहमति से प्रफुल्ल कुमार को पुनः आगामी तीन वर्ष के लिए निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ के संरक्षक रविंद्र तिवारी और सह निर्वाचन अधिकारी प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष एसपी देवांगन उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### शासकीय प्राथमिक ...

उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की सफलता के लिए शाला के प्रधान पाठक तरुण कुमार साहू एवं शिक्षिका अनिता शिवारे ने शिक्षक विनय वर्मा का आभार प्रकट किया और उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

### बच्चों को मौलिक ...

अधिनियम, चाइल्ड ट्रैफिकिंग, नालसा एवं सालसा द्वारा चलाये जा रहे योजनाए एवं अभियान, नालसा हेल्पलाईन 15100, साईबर काइम आदि के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षक, ग्रामीण लोग एवं पैरालीगल वालेंटियर्स सोनिया राजपूत, पवन कुमार साहू, देवेन्द्र यादव, पंकज घृतलहरे, टुवेन्द्र वर्मा, चेतन सिंह, स्वाति कुंजाम, धरमू बारले, तरूण आनंद, संजीव शर्मा, नागेश सिन्हा उपस्थित रहे।

# बायोगैस प्लांट लगाने जहां तय की जमीन, वहां फिर होने लगा अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर और बिरगांव नगर निगम को रोज वार्डों से मिलने वाले ठोस कचरे का स्थाई निदान के लिए होने वाली कारगर पहल 8 महीने से फाइलों में उलझी हुई है। इस प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए बिरगांव निगम सीमा के रावांभाठा वार्ड में स्थित 20 एकड़ से ज्यादा एरिया को चिन्हांकित करने के बाद जिम्मेदार सुध नहीं ले रहे हैं। इस जमीन को लीज पर देने का मसौदा तैयार कर सरकार को स्वीकृति के लिए भेजने के बाद से फाइल ठंडे बस्ते में है। दूसरी तरफ प्रोजेक्ट के लिए तय जमीन पर एक बार अवैध कब्जा होने लगा है।

राजधानी में दो निगमों के बीच सीबीजी प्लांट लगाने की तैयारी जिस उत्साह से शुरू की गई, वह अब फाइलों के ढेर का हिस्सा बन चुकी हैं। सूत्रों ने बताया कि रायपुर और भिलाई निगम सीमा में अलग-अलग कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र स्थापित करने त्रिपक्षीय समझौता 8 महीने पहले यानी मार्च में हुआ। इन दोनों संयंत्रों में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड करीब 100 करोड़ रुपए का निवेश करने वाला है। सरकार के साथ सीएम आवास में बीपीसीएल के साथ प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में हरसंभव सहयोग का भरोसा भी सरकार ने दिलाया है। इसके मद्देनजर रायपुर निगम प्रशासन ने शहर के पानी को फिल्टर करने वर्षों पहले बनाए गए प्रोजेक्ट के लिए तय जमीन को अब लीज पर देने की प्रक्रिया शुरू कर मसौदे की फाइल तैयार करने के बाद सरकार के पास स्वीकृति के लिए भेजी है।

## रावांभाठा की जमीन लीज पर देने स्वीकृति की प्रक्रिया 8 महीने से फाइलों में



**नहीं बनी डिटेल फिजिबिलिटी रिपोर्ट :** सीबीजी संयंत्र लगाने के लिए त्रिपक्षीय समझौता इसलिए किया गया था, ताकि रायपुर और बिरगांव निगम के वार्डों से रोज निकलने वाले कचरे का उपयोग कर उससे बायोगैस तैयार की जाए। जमीन का मसौदा सुलझाने में हो रहे विलंब के चलते संयंत्र लगाने डिटेल फिजिबिलिटी रिपोर्ट भी नहीं बनी है। इस प्रोजेक्ट के तहत बीपीसीएल के साथ छत्तीसगढ़ जैव ईंधन विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) व रायपुर और भिलाई निगम के बीच समझौता हुआ। इसके बाद से काम को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया जमीन लीज की स्वीकृति में फंसी है।

### लीज की स्वीकृति के बाद कार्रवाई

बायोगैस प्लांट के लिए रावांभाठा स्थित ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे खाली कराई गई जमीन पर अगर कब्जा हो रहा है तो उसे लीज की स्वीकृति के बाद कार्रवाई कर खाली कराया जाएगा। इस बहुआयामी योजना को शुरू करने में हरसंभव सहयोग व पहल करेंगे।

*- अबिनाश मिश्रा*
आयुक्त, ननि रायपुर

### प्लांट की क्षमता 100-150 टन

केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम बीपीसीएल 100 करोड़ के निवेश के साथ सीबीजी प्लांट लगाएगा। हर संयंत्र की क्षमता 100 से 150 टन प्रतिदिन होगी। सीबीजी संयंत्रों में जैव ईंधन के उत्पादन में प्रतिदिन 200-250 मीट्रिक टन ठोस कचरे का उपयोग होगा। संयंत्र से हर साल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 60 हजार युवाओं को रोजगार मिलेंगे। हर साल 45 लाख रुपए जीएसटी मिलेगा। कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र में पूरी क्षमता से उत्पादन और बिक्री पर फोकस करने का प्रावधान है। इससे जैविक खेती को बढ़ावा के साथ शहर स्वच्छ होगा।

## बंद लाइटें सुधारी जाएंगी, पाथवे की मरम्मत समेत अन्य कार्य शामिल

# कारी, नरैया, कंकाली समेत 40 तालाबों और 43 उद्यानों के मेंटेनेंस पर खर्च होंगे छह करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी के आमापारा स्थित कारी तालाब, टिकरापारा सिद्धार्थ चौक स्थित नरैया तालाब, ब्राह्मणपारा वार्ड के कंकाली तालाब, पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के रोहिणीपुरम तालाब समेत 40 तालाबों और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के 43 उद्यानों के मेंटेनेंस के लिए रायपुर स्मार्ट सिटी ने एजेंसी तय कर दी है। अनुबंधित एजेंसी इन तालाबों और बगीचों में सौंदर्यीकरण के दौरान बंद पड़ी लाइट सुधारने, पाथवे मरम्मत, पचरी की मरम्मत से लेकर स्थल की सुंदरता बरकरार रखने का कार्य करेगी। रायपुर की एजेंसी को इस कार्य के लिए ठेका दिया गया है। इस पर करीब 6 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

दरअसल रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा शहर के 40 तालाबों और 43 गार्डन के संरक्षण-संवर्धन के लिए सफाई, सौंदर्यीकरण संबंधी प्रोजेक्ट शुरू किया गया। संबंधित अनुबंधित एजेंसी को प्रोजेक्ट पूरा करने के साथ ही एक साल के मेंटनेंस की शर्त शामिल रही। इनमें से कई तालाब ऐसे रहे, जिसमें मेंटेनेंस अवधि पूरी होने के बाद भी संचालन व संधारण के लिए एजेंसी तय नहीं हुई। इसके चलते इन तालाबों पर करोड़ों खर्च कर लगाई गईं आकर्षक लाइटें बंद पड़ी हैं। पाथवे देखरेख के अभाव में धंस गए हैं, तालाब की सुंदरता बढ़ाने लगाए गए उपकरणों में टूट-फूट के बाद दोबारा उन्हें सुधारा नहीं गया। जनशिकायतों के बाद रायपुर स्मार्ट सिटी ने अपने पुराने प्रोजेक्ट के 40 तालाबों और 43 गार्डन के मेंटेनेंस के लिए टेंडर कर एजेंसी तय की है। अनुबंधित एजेंसी 5 साल तक चयनित तालाबों के सौदर्यीकरण के मेंटेनेंस का काम करेगी।



### वर्कआर्डर जारी

रायपुर स्मार्ट सिटी ने अपने पुराने प्रोजेक्ट में शामिल 40 तालाबों और 43 गार्डन में कराए गए कार्य के 5 साल तक मेंटेनेंस के लिए एजेंसी तय कर वर्क आर्डर दे दिया है। इस कार्य पर करीब 6 करोड़ रुपए खर्च होंगे। साथ ही राजधानी के 4 चौक के मेंटेनेंस का काम इसमें शामिल है।

*- पीके पंचायती, अतिरिक्त महाप्रबंधक तकनीकी, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड*

### इन तालाबों की देखरेख के लिए एजेंसी तय

- आमापारा कारी तालाब री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट
- टिकरापारा का नरैया तालाब प्रोजेक्ट
- डबरी तालाब शताब्दी नगर
- भाठागांव का आछी तालाब सौंदर्यीकरण लैंडस्केपिंग प्रोजेक्ट
- रोहिणीपुरम तालाब री-डेवलपमेंट, ब्यूटीफिकेशन प्रोजेक्ट
- शीतला तालाब
- जरवाय तालाब, अमलीडीह तालाब, शिवनगर पैठू तालाब
- चिंरौजी तालाब, पुरैना तालाब
- पंडरी तालाब ब्यूटीफिकेशन री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट
- बंधवा तालाब कचना, गोंदवारा तालाब
- मोतीबंद तालाब जोरा, सोनडोंगरी तालाब
- शीतला तालाब पुरानी बस्ती मोवा
- कंकाली तालाब री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट, डगनिया तालाब

इसके अलावा निगम सीमा क्षेत्र में चिन्हांकित अन्य तालाबों का मेंटेनेंस कार्य शामिल है। इसी तरह नगर निगम सीमा क्षेत्र स्थित विभिन्न वार्डों में स्थित 43 बगीचों की देखरेख व संधारण कार्य अनुबंधित एजेंसी के जिम्मे दिए गए हैं।

## रेत के अवैध उत्खनन परिवहन पर कार्रवाई



**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में रायपुर जिले में गौण खनिजों के उत्खनन एवं अवैध परिवहन के मामले में कार्रवाई का सिलसिला लगातार जारी है। उप संचालक खनिज केके. गोलघाटे के निर्देशन में खनिज अधिकारियों की टीम अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध उत्खनन एवं परिहवन में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। खनिज विभाग के सुपरवाइजर सुनीलदत्त शर्मा एवं उनकी टीम ने बीते दिनों आरंग इलाके के ग्राम गुदगुदा में रेत अवैध खनन में संलिप्त पनडुब्बी नुमा मशीन, एक चेन माउंटेन और एक हाईवा को मौके से जब्त कर थाना आरंग के सुपुर्द करने की कार्रवाई की। इससे पूर्व इस टीम ने रेत के अवैध परिवहन कर रहे तीन ट्रैक्टर एवं एक हाईवा को आरंग के समीप ग्राम कुरुद से जब्त कर थाना गिद्धपुरी के सुपुर्द किया। इस कार्रवाई में सुपरवाइजर श्री बेलचंदन, डीके साहू व सैनिक रूपेश चंद्राकर, राजू बर्मन, गोलू वर्मा, केदार वर्मा, लुकेश वर्मा, प्रेम कुर्रे एवं पुलिस जवानों का सहयोग रहा।

### सामूहिक तुलसी विवाह कार्यक्रम आज से

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के विधानसभा रोड स्थित स्वर्णभूमि परिसर में तुलसी विवाह समिति द्वारा दो दिवसीय 12 से 13 नवंबर को सामूहिक तुलसी विवाह एवं एकादशी उद्यापन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि आचार्य राजेंद्र महाराज सहित भागवताचार्य देवकृष्ण महाराज के सानिध्य में संगीतमय संकीर्तन का विशाल आयोजन होने जा रहा है। श्रीमती राठी ने बताया कि सोमवार को आचार्यों के आगमन के साथ ही वेदी निर्माण एवं मंडप रचना की जाएगी, जिसके बाद मंगलवार को सुबह 9 बजे से 108 जोड़ियों द्वारा संकल्प व वेदियों की पूजा-प्रतिष्ठा का शुभारंभ होगा।

# बुजुर्ग माता-पिता की ख्वाहिश ध्यान में रखें, संवेदना में डूबें



**रायपुर।** संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 में जारी पंचाह्निका महोत्सव के तीसरे दिन भूतल के 'भगवानः मातृ पितृ वंदना' का कार्यक्रम भक्तिभाव पूर्वक हुआ। इस पावन मौके पर मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी ने कहा कि माता और पिता जो इस भूतल के भगवान है, इस धरती पर भगवान हैं। ऐसे माता-पिता की संवेदना में आज हमें डूबना है। माता-पिता ने जो हमारे लिए बलिदान दिया है, हमें जिस लायक बनाया है,ऐसे माता-पिता को हमें वंदन बारंबार करना चाहिए। रविवार सुबह चतुर्विद संघ के परम निश्रा में माता-पिता की महिमा का गुणगान किया गया। मुनियों ने कहा, हम परमेश्वर को देख नहीं सकते किंतु इस धरती पर भगवान तुल्य माता-पिता जो हमारे समक्ष हैं उन्हें हम नमन व वंदन करें। ऐसा व्यवहार रखें कभी भी उनके मन को ठेस नहीं पहुंचे। हमें अपने बुजुर्ग माता-पिता की हर ख्वाहिश को ध्यान में रखकर पूरा करना चाहिए, जिन्होंने अपना जीवन हमें पाल-पोस कर बड़ा करने में लगाया है।

### बच्चों ने गायन के साथ मातृ वंदना पर दी नाट्य प्रस्तुति

इस अवसर पर बच्चों द्वारा गायन के साथ मातृ वंदना पर नाट्य प्रस्तुति दी गई। मुंबई से आए संगीतकार हर्षित ने माता-पिता पर आधारित अपने भजनों से वातावरण को करुणामयी बना दिया। इस मौके पर तीन दिवसीय उजामन प्रदर्शनी का उद्घाटन करने का लाभ आजीवन रात्रि भोजन का त्याग करने वाली मंजू कोठारी को प्राप्त हुआ। यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी दर्शन, ज्ञान,चारित्र के सामग्री की लगाई गई है। सभी श्रावक-श्राविकाओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### डस्टबीनों का कचरा जलाने से प्रदूषण

**भिलाई।** टाउनशिप में सड़कों और क्रास स्ट्रीट के चौकों पर रखे कई डस्टवीनों के कचरों को जलाने की समस्या बढ़ रही है। सेक्टर 6,7 और सेक्टर 8 आदि में कुछ स्थानों पर रखे डस्वीनों के ओवरफ्लो होने पर कचरे को आग के हवाले किया जा रहा है।

## बृजमोहन बोले- दक्षिण विधानसभा कांग्रेसियों के लिए पर्यटन स्थल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, भाजपा के पास गिनाने के लिए कई काम हैं, कांग्रेस सिर्फ एक योजना बताए। सच्चाई यह है कि रायपुर दक्षिण विधानसभा कांग्रेस पार्टी के लिए एक पर्यटन स्थल बन गया है। हर 5 साल में कांग्रेस पार्टी रायपुर दक्षिण विधानसभा एक बार घूमने के लिए आती है। कांग्रेस ने मेरे खिलाफ आठ बार नए प्रत्याशी उतारे।

कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी चुनाव लड़ने के लिए ही दक्षिण विधानसभा में आते हैं। उसके बाद उनका कोई पता-ठिकाना नहीं होता। कांग्रेस नेता चाहे कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट हों या फिर भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव, दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, सभी हर पांचवें साल रायपुर दक्षिण में पर्यटन करने आते है। फिर उसे भूल जाते हैं। ऐसे लोगों को दक्षिण की विधानसभा की जनता क्यों स्वीकार करेगी और क्यों वोट देगी? श्री अग्रवाल ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, दक्षिण विधानसभा की जनता पूरी तरह आश्वस्त है कि दक्षिण विधानसभा का विकास भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। उन्होंने कहा, मुझे विपक्ष में रहते हुए भी रायपुर दक्षिण की जनता ने जिताया है और इस बार भी जनता भाजपा को ही जिताएगी। कांग्रेस को जवाब देना चाहिए कि पिछली बार महंत रामसुंदर दास को जबर्दस्ती रायपुर दक्षिण से प्रत्याशी क्यों बनाया। महंत रामसुंदर दास ने कांग्रेस पार्टी क्यों छोड़ी। कांग्रेस ने उनके साथ क्या व्यवहार किया, उनका अपमान क्यों किया, जरा इस बात को कांग्रेस पार्टी को बताना चाहिए।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप



### खुंदनी विद्यालय में शिक्षक लोकेश ने कराया न्योता भोज

**गुरूर।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना निर्माण योजना के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खुंदनी व पूर्व माध्यमिक शाला खुंदनी के विद्यार्थियों को शिक्षक लोकेश धुवे ने अपने जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज कराया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के प्रधानपाठ भीम सिंह साहू, एलके ध्रुव, सीएम ठाकुर, ओपी साहू, नारद साहू, प्रितिमाला, रसोईया तामेश्वर साहू, फलिता साहू, चित्ररेखा उपस्थित थे। इस आयोजन के लिए बच्चों व शिक्षकों ने जन्मदिन के लिए हर्ष व्यक्त किया।

### मेंड़की के ग्रामीणों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**बालोद।** ग्राम मेंड़की में निजी खर्च से स्वच्छता अभियान चलाया गया। जहां कूड़ा दान के कचरे को साफ किया गया। जिला मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूर ग्राम मेंड़की के वार्ड नंबर 9 में भारी गंदगी से परेशान ग्रामीणों ने स्वच्छता अभियान चलाकर स्वयं के खर्चे से साफ सफाई कराई। ग्राम पंचायत में 3 साल से बनाए गए कूड़ादान की सफाई नहीं होने से कूड़ादान का कचरा घर तक पहुंच रहा था। इसे देखते हुए ग्रामीणों ने स्वयं के खर्चे से सफाई करवाई।

### नशे में धुत आरक्षक को एसपी ने किया सस्पेंड

**भिलाई।** आरक्षक नवनीत कलसी को एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने सस्पेंड कर दिया है। आरक्षक पर ये कार्रवाई झूठ बोलकर अवकाश लेने और चौक चौराहों में लोगों से और दंपति से विवाद करने पर की गई है। मामले में खुर्सीपार पुलिस ने आरक्षक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि आरक्षक नवनीत कलसी पुलिस लाइन में पदस्थ है। उसकी ड्यूटी मौखिक आदेश पर रानीतरई थाने में लगाई गई थी। दीपावली के दौरान वो बीमार होने का बहाना बनाकर अवकाश पर अपने घर खुर्सीपार आ गया था। तीन नवंबर को मातर का त्यौहार होने से शहर में काफी भीड़भाड़ का माहौल था। छावनी सीएसपी पेट्रोलिंग पर थे। उन्हें पता चला कि डबरापारा ओवर ब्रिज के नीचे कुछ लोग आपस में विवाद कर रहे हैं। जहां जाम लग गया है। सीएसपी तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि तीन -चार युवक आपस में मारपीट कर रहे हैं। आरक्षक को डंडा लेकर आरोपियों को भागने का निर्देश दिया। इसी दौरान शराब के नशे में आरक्षक नवनीत कलसी आया और सीएसपी के हमराह आरक्षक से डंडा छीन लिया। लोगों को मारने लगा। इस पर कलसी ने बताया कि वो दुर्ग पुलिस का आरक्षक है। अवकाश छुट्टी पर है। इस पर सीएसपी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि बीमारी की अवकाश पर होने के बाद भी यहां विवाद , मारपीट कर रहे हो सस्पेंड करा दूंगा। इस बात पर आरक्षक वहां से भाग निकला। दो आरोपियों को पकड़कर भिलाई तीन पुलिस ने कार्रवाई की।

**कार्यक्रम : बेरला विकासखंड के ग्राम सरदा में हुई जिला स्तरीय व्याख्यान प्रतियोगिता**

# रामचरितमानस में कही गई बातों को अपने जीवन में उतारने से होगा कल्याण : हरिश्चंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- पं. रामकिंकर के जन्मोत्सव के अवसर पर किया गया आयोजन

पं. रामकिंकर के शताब्दी जन्मोत्सव एवं दीपावली मिलन के पावन अवसर पर श्रीराम कथा चिंतन श्री रामचरितमानस व्याख्यान प्रतियोगिता जिला बेमेतरा का कार्यक्रम रविवार बेरला ब्लॉक ग्राम सरदा के मां कर्मा भवन में हुआ। प्रतियोगिता में कुल 24 नवोदित व्याख्याकारों ने भाग लिया है। कार्यक्रम प्रारंभ श्रीराम दरबार, गोस्वामी तुलसीदास एवं पं.रामकिंकर तैलचित्र में दीप प्रज्वलित जिला संयोजक एवं श्रीरामचरितमानस संघ जिला अध्यक्ष अनिल रजक, जिला सहसंयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष विनोद साहू भिंभौरी, निर्णायक एवं संरक्षक हरिश्चंद्र वर्मा, निर्णायक एवं संरक्षक डा.रिझन सिंह सेन, निर्णायक राजेंद्र झा, बेरला तहसील अध्यक्ष पंचराम यादव, बेमेतरा तहसील अध्यक्ष देवराम साहू पार्षद, सरदा शक्ति केन्द्र अध्यक्ष सुरित राम साहू द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जिला संयोजक एवं श्री रामचरितमानस संघ के जिला अध्यक्ष अनिल रजक ने कहा कि हमें श्रीरामचरितमानस के व्याख्या में सनातन हिंदू धर्म, श्रीराम मंदिर अयोध्या का इतिहास एवं शिष्टाचार, घरों के बच्चों में श्रीरामचरितमानस ग्रंथ द्वारा संस्कार जीवनशैली के लिए भी व्याख्या में समाहित कर संदेश देना है। निर्णायक डॉ रीझन सेन ने कहा कि जो हम कथा कह रहे हैं उसकी गहराई में जाकर उस ज्ञान रूपी मोती को ढूंढ कर सभी में परोसना है और अपने-अपने जीवन में चरित्र निर्माण करना है। निर्णायक राजेंद्र झा ने कहा कि सारे व्याख्या कर की समीक्षा के लिए पहले भूमिका बनाएं मंगलाचरण करें, फिर कथा रूपी धारा प्रवाहित करें। निर्णायक हरिश्चंद्र वर्मा ने कहा कि हम सभी सनातन धर्म के अनुयाई हैं और रामचरितमानस ग्रंथ का प्रचार प्रसार और अपना कल्याण तभी हो सकता है, जब हम अपने घर से इस संस्कार को धारण कर अपने जीवन में कृतार्थ करें। निर्णायक विनोद साहू जी ने कहा कि पंडित रामकिंकर महाराज ने जो संदेश दिया है उस सत्य ज्ञान को सभी मानस मंडलियों को धारण करना चाहिए।



**40 में 34 अंक प्राप्त कर पहले स्थान पर रहे ललित :** जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम ललित कुमार धीवर तारालीम 40 अंकों में 34 अंक, द्वितीय देवचरण पाल बहेरा 29.5 अंक, तृतीय राजकुमार लोधी घिवरी साजा 29 अंक,चतुर्थ बिहारी लाल साहू सूखाताल 27.5 अंक,पंचम स्थान दालचंद साहू भिलौरी ने 27 अंक एवं छठे स्थान पर कुमारी मनीषा वर्मा खर्रा ने 26.5 अंक प्राप्त किया। सभी विजेताओं को पंडित रामकिंकर महाराज जी के श्री चित्र एवं श्रीराम गमछा से सम्मानित किया गया। प्रथम से लेकर पंचम स्थान तक के विजेता राज्य स्तर पर मां कौशल्या जन्मभूमि चंदखुरी में अपनी प्रस्तुति देंगे। सफल निर्णायकमंडल को जिला संयोजक द्वारा सम्मानित किया गया।

#### इन व्याख्याकारों ने दी प्रस्तुति

मानस व्याख्याकार प्रतियोगिता में राजकुमार लोधी धिवरी साजा ,हेमंत चंद्राकर रमपुरा बेरा,ललित कुमार धिवर तारालीम,सीताराम वर्मा भालेसर, झूमुख राम साहू सिलघट,देवचरण पाल बहेरा,रामगोपाल धिवर भिंभौरी,रामकुमार साहू जेवरा अंधियारखोर,बुधराम निषाद सिलघट, ढालचंद साहू भिलौरी,बिष्णु साहू बोड़तरा,रमेश यादव तिलई,रमेश पाटिल घटियाखुर्द,सूरत राम साहू सरदा, यशवंत कुमार, रंजीत साहू, राजूराम साहू, बल्लू यादव, लोचनसाहू, बलदेव साहू, अमित रजक,मनोज चंद्राकर, अजय वर्मा, मिलन वर्मा,पंचू साहू, संतोष साहू, कन्हैया यादव, सत्यनारायण नेवल, पंचराम यादव, भिखू राम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज सहित कुल 24 प्रतिभागियों ने अपनी व्याख्यान प्रस्तुति दिया। कार्यक्रम का संचालन विनोद साहू ने किया।

## क्रिकेट स्पर्धा : सरदा की टीम ने अमोरा को हराकर खिताब जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

विक्रांत क्रिकेट क्लब अमोरा द्वारा आयोजित ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में एसबी क्रिकेट क्लब सरदा की टीम ने फाइनल में अमोरा की टीम को हरा कर ख़तिाब जीत लिया है। अमोरा टीम के दिये हुए 84 रन का लक्ष्य का पीछा करते हुए सरदा की टीम ने मात्र 6 ओवर में यह लक्ष्य हासिल कर लिया। पूरी सीरीज में मुकेश यादव की कप्तानी और जेपी यादव की उपकप्तानी में सरदा टीम के सभी खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में ही अच्छा प्रदर्शन के लिए टिकेश्वर साहू को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। इसी प्रकार बेहतरीन विकेट कीपिंग के लिए मनोज परगनिहा को सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर का पुरस्कार दिया गया, जिन्होंने 15 कैच लिए। बेहतरीन फील्डिंग के लिए बेस्ट फील्डर का अवार्ड खेमेन्द्र चंद्राकर को प्रदान किया गया। सबसे ज्यादा छक्के लगाने के लिए सर्वश्रेष्ठ सिक्सर का अवार्ड ब्रेट ली को दिया गया। इसी प्रकार फाइनल में ताबड़तोड़ 13 गेंद पर 42 रन बनाकर जीत दिलाने वाले टाकेश्वर साहू को फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। बेस्ट बॉलर का अवार्ड जितेंद्र साहू को दिया गया। जिन्होंने पूरी सीरीज में सर्वाधिक क्रिकेट प्राप्त किए। इस प्रतियोगिता में अमोरा को उपविजेता का द्वितीय पुरस्कार दिया गया। इसी प्रकार सेमीफाइनल मैच जो की कठिया के साथ हुआ और अमोरा के साथ जो फाइनल हुआ, दोनों ही मैच काफी रोमांचक रहे और दर्शकों ने इसका भरपूर आनंद उठाया। इसी प्रकार सरदा के सभी खिलाड़ियों ने एकजुट होकर संगठित होकर और बेहतरीन कप्तानी में खेल कर यह खिताब अपने नाम किया और आसपास के क्षेत्र में सरदा एक सशक्त टीम बनकर उभर रही है।

- टिकेश्वर साहू को मिला मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार
- 15 कैच लेने वाले मनोज परगनिहा को मिला सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर का पुरस्कार




जिसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ियों जैसे प्रदीप परगनिहा, धनेश्वर साहू, हेमंत धीवर, सुरेश साहू, कुशल साहू, हारून अली, होम कुमार, अशोक धीवर, वेदप्रकाश साहू, चतुर साहू, खिलेंद्र साहू, जीतन धीवर, गौरीशंकर जायसवाल, विष्णु जायसवाल, खुमान साहू, लक्ष्मीकांत, तुपेश, मेहुल और असनैन का सम्मिश्रण है। इस अवसर पर गांव सरदा के व्यापारी वर्ग से नाजिर अली, जीतू साहू, आदित्य साहू आदि ने उपस्थित रहकर टीम को बधाई दी। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच एवं कुछ प्रमुख ग्रामीण जन उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मीनारायण पाण्डेय ने किया।

## अभा छत्तीसगढ़ी महासभा के विधानसभा अध्यक्ष बने गजानंद



**बेमेतरा।** नवागढ़ विधानसभा के ग्राम पंचायत धनगाँव के प्रतिष्ठित समाजसेवी, सामाजिक कार्यकर्ता गजानंद साहू की संगठनात्मक नियुक्ति जिला अध्यक्ष लाला भारती ने महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी की अनुशंसा और प्रदेश अध्यक्ष रितेश शर्मा की सहमति से नवागढ़ विधानसभा अध्यक्ष के पद पर की है। गजानंद साहू ग्राम पंचायत धनगांव में लम्बे समय से सामाजिक सेवा कार्यों से जुड़े हैं। उनकी नियुक्ति पर महासभा की महिला इकाई की जिला अध्यक्ष पूर्व जनपद अध्यक्ष रेवती साहू, राजेश साहू, राजू रजक,नागेश वर्मा,युवा जिला अध्यक्ष वैंकि साहू, सोनू यादव सहित जिला कार्यकारणी के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

### भाजपा दक्षिण पाटन मंडल में कार्यशाला कल

जामगांव आर। भाजपा संविधान के अनुसार पूरे देश में पार्टी का संगठन चुनाव होना है। राष्ट्रीय और प्रदेश संगठन के आदेशानुसार जिला संगठन के निर्देश पर मंडलों और बूथों में संगठन चुनाव संपन्न कराना है। इसके लिए दक्षिण पाटन मंडल की आवश्यक मंडल कार्यशाला 13 नवंबर को जामगांव आर जैन भवन में 11 बजे आयोजित किया गया है। कार्यशाला में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, महामंत्री तेजेंद्र पिपरिया एवं राजेश बंछोर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर 11 नवम्बर को मोदी की गारंटी लागू करने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी को मुख्यमंत्री व अन्य विभागीय मंत्रियों व अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपा गया।



जिन मांगों को लेकर शिक्षक एलबी संवर्ग ज्ञापन सौंपा उनमें मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर समस्त एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत, समयमान वेतनमान प्रदान करने, समतुल्य वेतनमान (पुनरीक्षित वेतनमान) में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण करने, पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग की पुरानी पेंशन को निर्धारित करने एवं भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान करने, उच्च न्यायालय द्वारा याचिका में पारित निर्णय के तहत सभी पात्र एलबी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति, समयमान का विभागीय आदेश करने तथा शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 01 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाये तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ, सीजीपीएफ खाता में करने ज्ञापन सौंपा गया।

संघर्ष मोर्चा के ब्लॉक संचालक सूरज गोपाल गंगबेर ने बताया कि शिक्षक संघर्ष मोर्चा द्वारा आगामी 2 माह का चरणबद्ध आंदोलन पूर्व सेवा गणना मिशन अभियान में तय किया गया है, जिसके तहत 11 नवंबर को ब्लॉक मुख्यालय में अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांग किया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के पदाधिकारी दिलीप साहू, सूरज गोपाल गंगबेर, विक्रम राजपूत बड़ी संख्या मे शिक्षक उपस्थित थे।

## बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार 29 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार एवं विद्यालय का वार्षिकोत्सव 29 नवंबर को मनाया जाएगा। जिले के इस प्रतिष्ठित आयोजन में वैशाली नगर भिलाई के विधायक रिकेश सेन व क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा उपस्थित रहेंगे।

बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार के प्रदेश संयोजक डॉ. साधुराम भारद्वाज ने बताया कि इस वर्ष भी बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार एवं विद्यालय का वार्षिकोत्सव रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बंशीलाल भारद्वाज शासकीय हाईस्कूल अमलीडीह जिला–बालोद के प्रांगण में ऐतिहासिक एवं भव्यरूप में मनाने की तैयारी चल रही है। इस समारोह में पंचायत एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में योगदान के लिए क्षेत्र के समाजसेवी पूर्व जनपद सदस्य, पूर्व सरपंच मृत्युंजय यादव ग्राम–तरौद (बालोद) को मरणोपरांत 'बंशीलाल भारद्वाज गौरव अलंकरण' 2024 प्रदान किया जायेगा। विद्यालय के प्राचार्य के. ठाकुर एवं प्रभारी राजेश कुमार पिस्दा ने बताया कि शिक्षक–शिक्षिकाएँ व छात्र–छात्राएँ अभी से सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी में जुट गए हैं। समारोह में 10 प्रतिभावान विद्यार्थियों को बंशीलाल भारद्वाज गौरव सम्मान मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। अंतिम रूपरेखा तैयार करने के लिए 12 नवंबर को शाला विकास समिति, पंचायत प्रतिनिधियों, क्षेत्र के सक्रिय पदाधिकारियों की विद्यालय में बैठक रखी गई है।





### सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों पर की कार्रवाई

**भिलाई।** कलेक्टर टी एल में शिकायत की गई थी, कि सड़क के किनारे शिवाजी चौक नेहरू नगर में स्थित 90 कैफे, वडक्कम, एवं उसके इर्द-गिर्द स्थित रेस्टोरेंट में बेतरतीब गाड़ियां खड़ी हो जाती हैं। जिससे आवागमन बाधित होता है। इसकी शिकायत कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से टीएल के समय की गई थी। यह जानकारी मिलते ही निराकरण के लिए नगर निगम भिलाई का तोड़फोड़ दस्ता, यातायात विभाग, एवं सुपेला थाने से पुलिस बल के सहयोग लेकर के गाड़ियों को हटवाया गया। बहुत सारे युवा वर्ग, पारिवारिक लोग एवं अन्य ग्राहक ग्राहको की भीड़ लगी रहती है। जो भी लोग खाने के लिए वहां पर आते हैं । अपनी गाड़ियां इधर-उधर खड़ा कर देते हैं। सड़क जाम हो जाता है इससे आवागमन बाधित होता है ।उसी को रोकने के लिए बेतरकीब गाड़ियां खड़ी होने के कारण दुकानों से 2500 की चालानी कार्रवाई की गई।

## अरमूरकसा में किचन शेड निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



**कुसुमकसा।** ग्राम पंचायत अरमूरकसा में हल्बा आदिवासी सामुदायिक भवन में किचन सेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन मिथलेश निरोटी उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद के मुख्य अतिथि में किया गया। विशिष्ट अतिथि संजय बैस जनपद सदस्य, सरोज बाई सरपंच ग्राम पंचायत अरमुरकसा, दयालुराम उपसरपंच थे। कार्यक्रम का शुभारंभ धरती मां की पूजा अर्चना के बाद अतिथियों ने गैंती चलाकर किया। मुख्य अतिथि मिथलेश निरोटी ने कहा कि जिला पंचायत सदस्य निधि से किचन शेड निर्माण के लिए दो लाख रुपयों की स्वीकृति कराई गई, जिसका आज भूमिपूजन हो गया है। जल्द ही किचन शेड का निर्माण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन में किचन शेड निर्माण होने से ग्रामीणों के वैवाहिक सहित अनेक कार्यक्रम कराने में काफी सुविधा मिलेगी।


## खलारी में कोटवार नियुक्ति के संबंध में ग्रामीणों ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/सिकोसा

ग्राम खलारी में कोटवार नियुक्ति के संबंध में ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम खलारी के ग्राम सभा में ग्रामीणों द्वारा ग्राम कोटवार के पद पर पदस्थ रही भान बाई देवदास के परिवार के किसी भी सदस्य की कोटवार के पद पर नियुक्ति नहीं किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है, जिसकी प्रतिलिपि न्यायालय तहसीलदार गुण्डरदेही जिला बालोद के ईश्तहार के तहत तहसील कार्यालय में दी गई है।

कोटवार के पद में नियुक्ति के लिए 8 नवंबर तक आवेदन प्रस्तुत किया जाना था। इस आधार पर ग्राम खलारी से लगभग 30 आवेदकों ने कोटवार पद के लिए अपना आवेदन प्रस्तुत किया है। कोटवार के पद में नियुक्ति भान बाई देवदास के परिवार के अलावा उपरोक्त आवेदकों में से सक्षम व्यक्ति की नियुक्ति तहसील कार्यालय द्वारा किया जाए जो ग्रामवासियों के द्वारा स्वीकार्य होगा। कार्यालय ग्राम सभा के अनुमोदन व ग्रामवासियों के विरोध बावजूद भानबाई देवदास के परिवार के सदस्य की आवेदन स्वीकार कर ग्राम सभा अनुमोदन की अनदेखी की गई, इससे समस्त ग्रामवासियों के द्वारा उग्र आंदोलन, मुख्य मार्ग पर चक्काजाम व आगामी किसी भी चुनाव का बहिष्कार किये जाने की बात कही गई है।


कलेक्टर महोदय जी
जिला बालोद छत्तीसगढ़
विषय:- ग्राम खलारी में कोटवार नियुक्ति के सम्बन्ध में।
संदर्भ 1:- न्यायालय तहसीलदार गुण्डरदेही जिला बालोद का ईश्तहार क्रमांक 137 दिनांक 24/10/2024।
संदर्भ 2:- कार्यालय ग्राम पंचायत खलारी पत्रक दिनांक 21/10/2024।

